प्रेस-विज्ञप्ति **26.09.2019**

दिनांक 26 सितम्बर, 2020 को मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की 88वीं वार्षिक आम सभा मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के डॉ. गौर हरि सिंहानिया सभाकक्ष में ज़ूम पोर्टल पर संपन्न हुई। मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की वार्षिक आम सभा में वर्ष 2020-21 के लिए निर्विरोध रूप से सीए मुकुल कुमार टंडन -अध्यक्ष एवं श्री अतुल कनोडिया -उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वार्षिक सभा में श्री अभिषेक सिंहानिया, श्री अजय कुमार सराउगी, श्री अनिल कुमार अग्रवाल, डॉ. जे.एन. गुप्ता, श्री मयंक खन्ना, श्री आर.के. अग्रवाल, श्री सुधींद्र जैन, श्री सुनील खन्ना, श्री सुशील कनोडिया, श्री विजय पांडे, श्री विनीत चंद्रा, श्री संदीप गुप्ता, श्री आकाश गोयनका, श्री शशांक अग्रवाल, श्री रोहित अग्रवाल, कौंसिल समिति के सदस्य चुने गए।

सर्वसम्मति से श्रीमती सुशीला देवी सिंघानिया को चेम्बर का मुख्य-संरक्षक नियुक्त किया गया।

मर्चेंट्स चेम्बर द्वारा चेम्बर के सदस्यों श्री अनिल अग्रवाल, डॉ. अवध दुबे, श्री आदेश टंडन, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, श्री संतोष गुप्ता, श्री सुधींद्र जैन, श्री सुशील शर्मा, श्री विजय पाण्डे को उनके विशेष सहयोग के लिए स्मृति-चिन्ह प्रदान किये गए।

मर्चेंट्स चेम्बर के निर्वाचित अध्यक्ष सीए मुकुल कुमार टंडन ने माननीय कौंसिल सदस्यों एवं चेम्बर के समस्त सदस्यों को उन्हें पुनः अध्यक्ष चुने जाने के लिए धन्यवाद दिया एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूर्व अध्यक्षगणों द्वारा किये गए समस्त अच्छे कार्यों के क्रम को आगे बढ़ाते हुए चेम्बर की गतिविधियों को नई उचाईयों तक पहुँचाने का यथासम्भव प्रयास करेंगे तथा इस कार्य हेतु सभी स्नेही-बंधुओं के सुझावों व सहयोग की आवश्यकता होगी। श्री टंडन ने कोविड-19 महामारी पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आकस्मिक उत्पन्न इस महामारी ने समाज के प्रत्येक वर्गों को अत्यधिक नुकसान पहुंचाया है जिसकी भरपायी में हम सबको मिलकर योगदान देना है। श्री टंडन ने कहा कि मर्चेंट्स चेम्बर, व्यापारिक व सामाजिक सेवा क्षेत्र में सदैव अग्रणी होने के नाते आम जन साधारण की सुविधा हेतु अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन को शहर के बीचोंबीच से हटाने एवं पनकी स्थानांतरित करने के लिए एक दशक से अधिक समय से पुरजोर प्रयासरत है एवं इसके लिए विभिन्न शासनिक स्तर पर प्रयास पुनः प्रारम्भ किया गया है। अभी हाल ही में इससे सम्बंधित एक बैठक दिनांक 23.09.2020 को चेम्बर में आयोजित की गयी थी। उन्होंने कहा कि आशाओ से भरे भविष्य में हम सबको उम्मीद के साथ महामारी के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए निरंतर प्रयासरत रहना होगा। श्री टंडन ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि समस्त विशिष्ट जनों व मर्चेंट्स चेम्बर के समस्त सदस्यगणों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया ने युवा शक्ति को मर्चेंट्स चेम्बर से जोड़ने की इच्छा व्यक्त करते हुए कार्य करने की इच्छा व्यक्त की।

डॉ. जे.एन. गुप्ता ने आये हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

धन्यवाद,

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश